PATLIPUTRA UNIVERSITY
PATNA-800020

E-mail:- patliputrauniversity2018@gmail.com

Ref.no:- DSW/987/PPU/2024. Date:- 22/01/2024.

सेवा में,

प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य
सभी कोटि के महाविद्यालय
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय
पटना।

विषयः–स्नातक सत्र 2023–27 के छात्रों का व्यावसायिक प्रशिक्षण के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि चार वर्षीय नए पाठ्यक्रम के अनुसार स्नातक सत्र 2023–27 एवं आगामी सत्रों में जो छात्र–छात्राऐं प्रथम वर्ष (2nd **semester)** अथवा द्वितीय वर्ष (4th **semester)** की परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात बाहर निकलने का विकल्प **(exit option)** प्रयोग कर क्रमशः **Certificate course** अथवा **Diploma course** की डिग्री प्राप्त करना चाहतें हैं, वैसे छात्र–छात्राओं को आठ सप्ताह का कोई एक व्यवसायिक कोर्स ग्रीष्मकाल में करना अनिवार्य है अन्यथा **Certificate course/ Diploma course** की डिग्री प्रदान नहीं की जा सकेगी।

अतः ऐसे छात्र–छात्राओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कराने के लिए मान्यता प्राप्त इच्छुक संस्थाओं से विश्वविद्यालय द्वारा आवेदन मांगा गया था जिसमें "सुर संगम कला संस्थान, 308, राम निकेतन अर्पामेन्ट, रोड नं0 14, सहदेव पथ, पटेल नगर, पटना – 800023" का आवेदन प्राप्त हुआ है और इसे विश्वविद्यालय के तरफ से अधिकृत संस्था की मान्यता दी गयी है। यह संस्थान निम्न लिखित व्यवसायिक कोर्सो का संचालन करता है।

1. **Light Music and Folk Music**
2. **Folk Music of Awadh**
3. **Photography and Videography**
4. **Painting and Wall Writing**

6. **Yoga and Fitness**

7. **Beautician**

अतः इस संस्थान से इच्छुक महाविद्यालय अपने छात्र–छात्राओं से व्यावसायिक प्रशिक्षण कराके उत्तीर्णता **Certificate** प्राप्त कर सकते है।

अनुलग्नः– यथोक्त।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार

(प्रो० ए० के० नाग)
डी० एस० डब्लू०
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

प्रतिलिपिः–माननीय कुलपति / प्रतिकुलपति / कुलसचिव के निजी सचिव को सूचनार्थ।

PATLIPUTRA UNIVERSITY
PATNA-800020

E-mail:- patliputrauniversity2018@gmail.com

Ref.no:- DSW/986/PPU/2024.

Date:- 22/01/2024.

सेवा में,

सुर संगम कला संस्थान
308, राम निकेतन अर्पाटमेन्ट
रोड नं0 14, सहदेव पथ, पटेल नगर
पटना – 800023

विषयः–स्नातक सत्र 2023–27 एवं आगामी सत्रों के लिए छात्र–छात्रों का व्यावसायिक प्रशिक्षण कराने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक आपके द्वारा दिए गए प्रस्ताव एवं विषयों के आलोक में सूचित करना है कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को ग्रीष्मकाल में आठ सप्ताह का आपके यहाँ संचालित हो रहे विषयों में व्यावसायिक प्रशिक्षण कराने हेतु आपको अधिकृत किया जाता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि यदि पाटलिपुत्र विश्वविद्वालय के किसी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य अपने महाविद्यालय के छात्रों के लिए व्यावसायिक कोर्स कराने हेतु या कोई छात्र व्यावसायिक कोर्स करने हेतु आपकी संस्थान से सम्पर्क करता है तो उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण कराने की व्यवस्था की जाय।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार

22/01/2024

(प्रो0 ए0 के0 नाग)
डी0 एस0 डब्लू0
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

22/1/2024

प्रतिलिपिः–माननीय कुलपति / प्रतिकुलपति / कुलसचिव के निजी सचिव को सूचनार्थ।